# षोडश

# बिहार विधान सभा

## नवम सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{22 फाल्गुन, 1939 (श0)}}{\text{13 मार्च, 2018 (ई0)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 02**

| | | |
|---|---|---|
| (1) शिक्षा विभाग | .. | 02 |
| | कुल योग — | 02 |

कार्य योजना बनाना

18. श्री श्याम रजक--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखंड के सकरैचा पंचायत के प्राथमिक विद्यालय, सलारपुर एवं प्राथमिक विद्यालय, चुनौटी कुआँ में बच्चे जमीन पर बैठकर शिक्षा प्राप्त करते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार प्रदेश के सभी प्राथमिक विद्यालयों का सर्वेक्षण कराकर बच्चों के बैठने हेतु डेस्क एवं बेंच की व्यवस्था हेतु कार्य योजना बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

वेतनमान का लाभ देना

19. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों को 6वें वेतनमान का लाभ दिया जा रहा है जबकि राज्य में सरकारी कर्मियों को 7वाँ वेतनमान का लाभ 1 अप्रील, 2017 से दिया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार राज्य के मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों को 7वाँ वेतनमान का लाभ कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 13 मार्च, 2018 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 112-डी0टी0पी0-550